# नरेंद्र मोहन पोली क्लीनिक नेहरू नगर में तीन दिवसीय नि:शुल्क हृदय एवं मधुमेह शिविर संपन्न

## अंतिम दिन 295 मरीजों ने शिविर का उठाया लाभ








**सोशल मीडिया टाइम्स**

**गाजियाबाद (नेहा शर्मा)।** गरीब व जरूरतमंद लोगों को भी राहत पहुंचाने की गरज से मोहन मीकिंग लि मोहन नगर की नरेंद्र मोहन फाउंडेशन शाखा ने नरेंद्र मोहन पोली क्लीनिक नेहरू नगर गाजियाबाद में हृदय एवं मधुमेह रोगियों के लिए तीन दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन अपने सी एस आर एंड से किया था। जिसका शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर में आखिरी दिन 295 मरीजों की जांच की गई एवं 175 लोगों की ईसीजी,व अन्य जांचें भी की गई। आने वाले लोगों को संस्थान द्वारा 500 रु तक की दवाइयां भी मुफ्त में दी गई।

इसके अलावा सभी प्रकार की जांचो पर 50% तक की छूट भी दी गई। तीन दिनों तक चलने वाला ये शिविर बुधवार से शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक प्रतिदिन चलाया गया । तीन दिनों चलें इस शिविर का कुल मिलाकर करीब 655 लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें आवश्यकता अनुसार हर मरीज को 500 रुपए कीमत की दवाइयां मुफ्त में दी गई, लेकिन दूसरी तरफ खासियत ये रही कि इसमें गरीबों का इलाज,उनकी जांच आदि सभी फ्री में की गई है। शिविर में हृदय रोगियों की जांच-पड़ताल हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुमित कुमार व डॉ नितीश राय ने की तो मधुमेह रोगियों की जांच पड़ताल मधुमेह विशेषज्ञ डाक्टर मनीषा गर्ग ने की। शिविर का सुपर विजन मैडिकल सुप्रीमटेंडैंट डाक्टर रीता और डाक्टर दीपक त्यागी ने की इसके अलावा शिविर में संस्थान के अन्य दर्जनों कर्मचारियों व पदाधिकारियों ने भी शिरकत की।

शिविर में आएं मरीजों ने कैम्प आयोजकों सहित सभी डाक्टरो की भी बहुत तारीफ की और बताया कि कैम्प में आएं सभी डाक्टरो का व्यवहार व मरीजों को समझने का तरीका बहुत अच्छा था। कुछ मरीजों का तो ये तक कहना था कि मंहगाई के इस दौर में अगर ऐसे कैम्प हर दूसरे महीने लगे तो गरीब व जरूरतमंद लोगों को बहुत लाभ होगा।

Sachin Mittal M: 9990121530
MAA JAGDAMBA
FURNITURE UDYOG
Auth. Dealer of :
All type of Exclusive Wooden, Steel, Moulded All Type of Mattresses
77, NAVYUG MARKET GHAZIABAD-201001



फरियादियों को लाभान्वित करने के लिए

# 8 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार किया जाएः अनिल कुमार

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराने हेतु अपने सुझाव भी दे सकते हैं





सोशल मीडिया टाइम्स

**गाजियाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार–दशम की अध्यक्षता में गुरूवार को जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बंध में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जन जागरूकता फैलाई जाए जिससे अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराने हेतु अपने सुझाव भी दे सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत को आयोजित करने की मंशा यह है कि अधिक से अधिक वादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जा सके। जिससे लोगों को जल्द न्याय मिलने में सुविधा प्राप्त हो सके।

राष्ट्रीय लोक अदालत में हर प्रकार के वादों का निस्तारण किया जाता है।

उन्होंने आम जनता सहित सभी गणमान्यों से अपील की कि वे जनपद न्यायालय के व्हाट्सअप चैनल पर जुड़े, जिसमें उन्हें जनपद न्यायालय में हो रहे कार्यों, वादों सहित अन्य सूचनाएं समय–समय पर प्राप्त हो सकें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत एवं व्हाट्सअप चैनल से जुड़ने हेतु अपने कार्यालय के बाहर बैनर लगाना सुनिश्चित करें, जिससे की यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सकें और वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों को निस्तारण करा सकें साथ ही व्हाट्सअप चैनल पर मिलने वाली सूचनाओं का भी लाभ ले सकें।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर 8 मार्च दिन शनिवार को किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अपर जिलाधिकारी (नगर), अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर पुलिस उपायुक्त, उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित नगर निगम, जीडीए, बैंक एवं अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यावती मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव





सोशल मीडिया टाइम्स

**गाजियाबाद।** विद्यावती मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज में गुरूवार को वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। हर साल की तरह इस बार भी कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सम्माननीय गाजियाबाद महापौर सुनीता दयाल, विशेष आमंत्रित अतिथि संगीता गुप्ता, प्राचार्या कांशीराम राजकीय डिग्री कॉलेज, नन्दग्राम और महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव अनुराग मित्तल, वीरेन्द्र नाथ अग्रवाल, ललित कुमार, चन्द्रभूषण, हिमांशु लव, कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना प्रसाद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुआ। संगीत विभाग की छात्राओं हिमानी और पायल चौहान ने मनोरम वंदना प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना प्रसाद ने प्रबन्ध तन्त्र, सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। जिसमें महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास के साथ विभिन्न क्षेत्रों में छात्राओं की उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

मुख्य अतिथि सुनीता दयाल, विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ. संगीता गुप्ता को महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनीता दयाल ने महाविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक के साथ ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि के लिए इरम, अनुराधा चौधरी, शालिनी, हिमानी चौहान, पूजा शर्मा, राधिका तिवारी, रिचा सिंह, पायल चौहान, सान्या रावत और रितु चौधरी को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि सेठ जयप्रकाश जी व उनके परिवार ने सदैव ही बालक–बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक महाविद्यालय खोलने जैसे महान कार्य किए हैं। यह परिवार समाज सेवा में हमेशा ही अग्रणी रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने अपनी शिक्षा–दीक्षा विद्यावती मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज से की थी। उन्होंने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय से जुड़ी हुई अपनी अनेक स्मृतियां साझा की। महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की हैं। महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद, अनुशासन परिषद, रेंजर्स आदि इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं सोनम, अदिति चौधरी, नन्दिनी वर्मा और तपना को स्वर्ण पदक के साथ ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष पांच जनवरी को सम्पन्न होने वाले रक्तदान मेले में सर्वाधिक 15 बार रक्तदान करने वाली स्टार ब्लड डोनर राजकुमारी, 10 बार रक्तदान करने वाले अभिषेक और तेजस्वी केसरवानी, पांच बार रक्तदान करने वाले मायवेन्द्र, निखिल कुमार, सत्येन्द्र सिंह, सोकेन्द्र कुमार, सूरज पाल, उदित चौहान को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने इस वर्ष 25 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुकी उषा जोशी को और सेवानिवृत्त होने पर डॉ. शबनम छाबड़ा, डॉ. अंजली सिंह को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। पुस्तकालयाध्यक्षा किरन बाला और शिक्षणेत्तर कर्मचारी हरिशंकर कौशिक, मनोज कुमार, सुरेन्द्र सिंह व प्रभा सिंह को भी सेवानिवृत्त होने पर शॉल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव पर बीएड की छात्राओं ने गुजरात के रंग थीम पर समूह नृत्य, संगीत विभाग की छात्राओं ने लोक नृत्य पधारो म्हारे देश, वाणिज्य विभाग ने नृत्य वादिया कश्मीर, बीएससी गृहविज्ञान की ओर से नृत्य रंगला पंजाब तथा शिक्षा विभाग की छात्राओं ने मूक झांकियों के माध्यम से भारत दर्शन कराकर दर्शकों को भाव विभोर किया। अन्त में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गरिमा सिंह और डॉ. सुप्रिया बाली ने किया। समारोह के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रम्या चौधरी, पुरस्कार वितरण संयोजिका अल्पना मोहन, महाविद्यालय परिवार का पूरा सहयोग रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना प्रसाद और प्रबन्ध समिति का सहयोग भी रहा।

# सड़क से हटाई पैठ को सेना ने अपनी जमीन पर लगाने की अनुमति नहीं दी



सोशल मीडिया टाइम्स

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाने के सामने लगे पैठ बाजार को पुलिस ने हटा दिया। दुकानदारों के हंगामें के बाद पुलिस ने खाली पड़ी सेना की जमीन पर पैठ लगाने का आश्वासन दिया। मौके पर पहुंचे सेना के अधिकारियों ने जमीन पर पैठ न लगाने की हिदायत दी और चले गए। हालांकि पुलिस ने दुकानदारों को आश्वस्त किया कि फिलहाल वह सेना की जमीन पर पैठ लगा लें, अगले बृहस्पतिवार तक उन्हें अन्य स्थान मुहैया कराया जाएगा। दुकानदारों ने सेना की जमीन पर पैठ लगाने से साफ इनकार कर दिया है। दुकानदार और पुलिस मौके पर तैनात हैं। साप्ताहिक पैठ कहां लगेगी इसके लिए पुलिस और दुकानदारों में सहमति नहीं बनी है। बता दें कि ऐसे कई बाजार बंद कराए जा चुके हैं।

नव-जातारी | संयुक्त व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष
विरेन्द्र गुप्ता
संयुक्त व्यापार मंडल
जिलाध्यक्ष
गाजियाबाद क्षेत्र
कार्यालयः दीप सन्स प्लाईवुड
हापुड़ रोड, गाजियाबाद (उ.प्र.)
फोनः 9310879678, 9310328706

# नरेंद्र मोहन पोली क्लीनिक नेहरू नगर में तीन दिवसीय निःशुल्क हृदय एवं मधुमेह शिविर का आयोजन

## दूसरे दिन 275 मरीजों ने शिविर का उठाया लाभ

नेहा शर्मा

**गाजियाबाद (सोशल मीडिया टाइम्स)।** अक्सर देखने में आया है कि बढ़ते शहरीकरण में अलग-अलग वजहों से आज शहर में रहने वाले लोगों में हृदयरोग व मधुमेह के शिकार लोगों की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। इन बीमारियों से पीड़ित लोगों की यदि बात करें तो इनके चलते हर साल मौतों का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। और इनका इलाज भी महंगाई के इस दौर में काफी महंगा हो चला है।

इन्हीं सब समस्याओं को मध्यनजर रखते हुए कुछ संस्थाएं ऐसी भी हैं जो इन गम्भीर व महंगी बिमारियों का इलाज अपने सी एस आर फंड से आम लोगों की सुविधाओं के साथ साथ गरीब लोगों को भी राहत पहुंचाने का काम समय-समय पर करती हैं। इसी कड़ी में मोहन मीकिन्स लि मोहन नगर की नरेंद्र मोहन फाउंडेशन संस्था ने नरेंद्र मोहन पोली क्लीनिक नेहरू नगर गाजियाबाद में हृदय एवं मधुमेह रोगियों के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन किया है।









शिविर में आने वाले लोगों को संस्थान द्वारा 500 रु तक की दवाइयां भी मुफ्त में दी गई। इसके अलावा सभी प्रकार की जांचों पर 50% तक की छूट भी दी गई। तीन दिनों तक चलने वाला ये शिविर बुधवार से शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक संचालित चलेगा। शिविर में जहां 500 रुपए कीमत की दवाइयां आने वाले मरीजों को मुफ्त में दी जा रही हैं वहीं दूसरी तरफ खासियत ये है कि इसमें गरीबों का इलाज, उनकी जांच आदि सभी फ्री में की जा रही हैं। बृहस्पतिवार को दूसरे दिन 275 मरीजों की जांच शिविर में की गई। हृदय रोगियों की जांच-पड़ताल हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुमित कुमार व डॉ निशीत राय ने की तो मधुमेह रोगियों की जांच पड़ताल मधुमेह विशेषज्ञ डाक्टर मनीष गर्ग ने की। इसके अलावा शिविर में संस्थान के अन्य दर्जनों कर्मचारियों व पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। कल शिविर का आखिरी दिन है जिसमें आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने की पूरी उम्मीद आयोजकों द्वारा व्यक्त की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक रमन कुमार शर्मा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 7 नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर 201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं 153, रिछपालपुरी गाजियाबाद 201001 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद/विवाद का निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादक - रमन कुमार शर्मा। मोबाइल नं. 9871527373 RNI NO. UPHIN/2014/58266

# सफल रहा नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक में लगा तीन दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर

## तीन दिन में  शिविर में पहुंच लगभग 854 मरीजो ने कराई निःशुल्क जांच








**जन सागर टुडे (सं)**

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर में नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक द्वारा मोहन मीकिन लिमिटेड के सौजन्य से लगाए गए निःशुल्क ह्रदय एवं मधुमेह रोग जांच के लिए निःशुल्क तीन दिवसीय शिविर का आयोजन का तीसरा दिन भी सफल रहा।

आपको बता दें कि नरेंद्र मोहन पालीटेक्निक द्वारा 5 फरवरी से 7 फरवरी तक के लिए तीन दिवसीय निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित किए गए निशुल्क कैंप में 7 फरवरी शुक्रवार को भी जांच करने के लिए मरीजों में संख्या बिल्कुल भी नहीं घटी और सैकड़ो लोग पहुंचे और बीमारियों की निशुल्क जांच कराई।

कैंप के पहले दिन ही लगभग 284 मरीज और दूसरे दिन 275 मरीज तो तीसरे दिन 295 मरीजों ने ह्रदय एवं मधुमेह रोग से संबंधित अपनी जांच करते हुए वहां मौजूद डॉक्टर डॉ मनीषा गर्ग एवं डॉक्टर नीतिश राय द्वारा करवाई और उनसे उचित परामर्श लिया और निशुल्क दवाइयां भी ली। नेहरू नगर में नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक द्वारा लगाया गया कैंप पूरी तरह से सफल रहा ।

तीसरे दिन शिविर का सुपरविजन मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ रीता ओर दीपक त्यागी ने किया। शिविर का फायदा उठाने वाले सभी मरीजों ने नेहरू नगर में नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक और मोहन मीकिन लिमिटेड का आभार व्यक्त किया।

# नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक में लगा तीन दिवसीय निशुल्क ह्रदय एवं मधुमेह रोग जांच शिविर

## कैंप में पहले दिन ही 284 मरीज ने पहुंचकर कराई अपनी निशुल्क जांच









**जनसागर टुडे संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक, ब्लॉक बी, नेहरू नगर, सिटी ब्रांच गाजियाबाद में मोहन मीकिन लिमिटेड के सौजन्य से ऐसे जरूरतमंद लोगों जो किसी कारण अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं कर पा रहे हैं और इलाज नहीं करवा पा रहे हैं उनके लिए निशुल्क ह्रदय एवं मधुमेह रोग जांच शिविर का आयोजन 5 फरवरी से 7 फरवरी तक के लिए किया गया। आयोजित किए गए।

निशुल्क कैंप में 5 फरवरी बुधवार को सैकड़ो लोग पहुंचे और बीमारियों की निशुल्क जांच कराई। कैंप के पहले दिन ही लगभग 284 मरीज ने ह्रदय एवं मधुमेह रोग से संबंधित अपनी जांच करते हुए वहां मौजूद डॉक्टर से उचित परामर्श लिया और निशुल्क दवाइयां भी ली। लगाए गए इस निशुल्क कैंप में सुविधा के रूप में निशुल्क ह्रदय रोग परामर्श, बीपी एवं ब्लड शुगर की जांच, मधुमेह चिकित्सक द्वारा निशुल्क परामर्श, प्रत्येक रोगी को ?500 की दवाई निशुल्क, ओपीडी रोगी के लिए अन्य सभी जांचों पर 50% की छूट और अन्य कई बीमारियों के इलाज पर छूट दी गई। कैंप में आए हुए मरीजों की जांच डॉ मनीषा गर्ग एवं डॉक्टर नीतिश राय द्वारा की गई और मरीजों को बीमारियों से संबंधित परामर्श भी दिया गया। निशुल्क कैंप में जांच करने वाले सभी मरीजों ने नरेंद्र मोहन पॉलीक्लिनिक एवं डॉक्टर की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।


POLY CLINIC - CITY BRANCH, NEHRU NAGAR, GZB.
नरेन्द्र मोहन
(A UNIT OF NARIND
BLOCK-B, NEHRU NAGA
मोहन मीकिन लि० (मोहन नगर) द्वारा आयोजित
नेहरू नगर में 05 फरवरी से 07
OPD BLOCK
Dr. Sumit Kumar
Dr. Nitish Rai
Dr. Manisha Garg
Phone : +91-1
कैम्प में पंजिकरण कराने के लिए सम्पर्क करें
9310544556


Rollingstock
Maintenance Team


PHARMACY
Trade Links Private Limited
PHARMACY
दवाईयाँ
TLPL
For Enquiry
E-mail : info@nmh.net.in
नरेन्द्र मोहन पॉलीक्लिनिक
(A UNIT OF NARINDER MOHAN FOUNDATION)
BLOCK-B, NEHRU NAGAR, CITY BRANCH, GHAZIABAD
Phone : +91-120-2792029, +91-120-2792430 E-mail:info@nmh.net.in


Dr. Manisha Garg
Phone : +91-120-2792029, +91-120-2792430


PHARMACY
Trade Links Private Limited
PHARMACY
दवाईयाँ
TLPL
DISCOUNT
For Enquiry
नरेन्द्र मोहन पॉलीक्लिनिक
BLOCK-B, NEHRU NAGAR, CITY BRANCH, GHAZIABAD




NARINDER MOHAN HOSPITAL
& HEART CENTRE
POLY CLINIC - CITY BRANCH, NEHRU NAGAR, GZB.
MAY I HELP


नरेन्द्र मोहन
(A UNIT OF NARINDER MOHAN FOUNDATION)
BLOCK-B, NEHRU NAGAR, CITY BRANCH, GHAZIABAD
मोहन मीकिन लि० (मोहन नगर) द्वारा आयोजित निःशुल्क हृदय एवं मधुमेह रोग जाँच शिविर (UNDER CSR)
नेहरू नगर में 05 फरवरी से 07 फरवरी 2025 (बुधवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार)
निःशुल्क एवं अन्य सुविधायें:
कैम्प में पंजीकरण कराने के लिए सम्पर्क करें
9310544556
Phone : +91-120-2792029, +91-120-2792430 E-mail:info@nmh.net.in
कृपया अपना पहचान पत्र/आधार कार्ड/बी.पी.एल. कार्ड और उसका फोटो कॉपी अवश्य लाऐं।


(सी.ए.जी एवं पी.टी.सी.ए. पैकेज के अलावा) 15 दिनों तक वैध है।
आई.पी.डी के लिए ऑफर शिविर में पंजीकरण की तारीख से 15 दिनों तक वैध है।
गरीब रोगी को मुफ्त ईलाज, सीमित संख्या में उचित दस्तावेज प्रस्तुति पर प्रबंधन द्वारा मान्यता मिलने पर।
Dr. Sumit Kumar
Dr. Manisha Garg
कैम्प में पंजिकरण कराने के लिए सम्पर्क करें:
9310544556
Phone : +91-120-2792029, +91-120-2792430 E-mail:info@nmh.net.in
कृपया अपना पहचान पत्र/आधार कार्ड/बी.पी.एल. कार्ड और उसका फोटो कॉपी अवश्य लाऐं।






नरेन्द्र मोहन पॉलीक्लिनिक
(A UNIT OF NARINDER MOHAN FOUNDATION)
BLOCK-B, NEHRU NAGAR, CITY BRANCH, GHAZIABAD
मोहन मीकिन लि० (मोहन नगर) द्वारा आयोजित निःशुल्क हृदय एवं मधुमेह रोग जाँच शिविर (UNDER CSR)
नेहरू नगर में 05 फरवरी से 07 फरवरी 2025 (बुधवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार)
निःशुल्क एवं अन्य सुविधायें:
OPD BLOCK
कैम्प परामर्श डाक्टर
Dr. Sumit Kumar
Dr. Manisha Garg
Phone : +91-120-2792029, +91-120-2792430 E-mail:info@nmh.net.in
















stylo




ओ.पी.डी. रोगी के लिए अन्य सभी जाँचों पर
(कैम्प मरीजों के लिए एक महीने तक वैध है)
एंजियोग्राफी मात्र 10000/-(कैम्प मरीजों के लिए एक महीने तक वैध है)
एंजियोप्लास्टी मात्र 99000/-(कैम्प मरीजों के लिए एक महीने तक वैध है)
स्टेंट और इम्प्लांट्स की लागत वास्तविक के अनुसार ली जायेगी।
हृदय रोग चिकित्सक तथा मधुमेह चिकित्सक द्वारा भर्ती हुए मरीज की जाँचों पर 30%
(सी.ए.जी एवं पी.टी.सी.ए. पैकेज के अलावा) 15 दिनों तक वैध है।
आई.पी.डी के लिए ऑफर शिविर में पंजीकरण की तारीख से 15 दिनों तक वैध है।
गरीब रोगी को मुफ्त ईलाज, सीमित संख्या में उचित दस्तावेज प्रस्तुति पर प्रबंधन द्वारा
Dr. Sumit Kumar
Dr. Nitish Rai
Dr. Manisha Garg
कैम्प में पंजिकरण कराने के लिए सम्पर्क करें
9310544556
Phone : +91-120-2792029, +91-120-2792430
कृपया अपना पहचान पत्र/आधार कार्ड/बी.पी.एल. कार्ड और उसका फोटो

